भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2887

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2021
14 श्रावण, 1943 (शक)

फिट इंडिया मूवमेंट

2887. श्री गोपाल शेट्टी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को सितंबर 2019 में महाराष्ट्र राज्य के मुम्बई उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वातंत्र्य वीर सावरकर उद्यान, बोरीवली पश्चिम, मुंबई और पोयांसुर जिमखाना नेताजी सुभाष बोस क्रीडांगन कांदीवली पश्चिम में राज्य सरकारों के साथ समन्वय से ''फिट इंडिया मूवमेंट'' आयोजित करने के लिए जन प्रतिनिधियों से अनुरोध/ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जहां लोग योग, जिम आदि कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) इस संबंध में कब तक निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): यह मंत्रालय देश भर में विभिन्न फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शुरू किए गए प्रमुख कार्यकलापों में ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यकलाप शामिल हैं, जैसे फिट इंडिया प्लॉग रन, फिट इंडिया स्कूल सर्टिफिकेशन सिस्टम, फिट इंडिया स्कूल वीक समारोह, फिट इंडिया साइक्लोथॉन, फिट इंडिया योग दिवस समारोह, फिट इंडिया युवा क्लब सर्टिफिकेशन सिस्टम, फिट इंडिया फ्रीडम रन प्रोग्राम, लॉकडाउन के दौरान फिट इंडिया एक्टिव डे सीरीज, फिट इंडिया चैंपियन टॉक्स, फिट इंडिया डायलॉग सीरीज, फिट इंडिया इंडिजिनस गेम्स सीरीज, फिट इंडिया थीमैटिक कैंपेन, फिट इंडिया प्रभात फेरियां, विभिन्न आयु समूहों के लिए फिट इंडिया आयु उपयुक्त फिटनेस प्रोटोकॉल बनाना और लॉन्च करना आदि । फिट इंडिया मूवमेंट ने इन कार्यक्रमों और कार्यकलापों के माध्यम से करोड़ों भारतीयों में जागरूकता पैदा की है। इन सभी कार्यकलापों की योजना और आयोजन विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद और विभिन्न पक्षों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर किया जाता है।

****